(vi) किस बोली के मानक रूप को भारतीय संविधान में स्वीकार किया गया है ?

(vii) संविधान के किस भाग में राजभाषा संबंधी प्रावधान है ?

❖❖❖❖❖❖❖



No. of Printed Pages : 04 Roll No. .......................

# 28890

## B. A. (NEP-2020) EXAMINATION, 2025

(First Semester)

(2023-24 Onwards)

हिन्दी भाषा और साहित्य

B23-HIN-103

*Time : 2 Hours*] [*Maximum Marks :* 35

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से किसी **एक** पाठांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6**

(क) उन्होंने एक क्षण के लिए भी इस असत्य को स्वीकार नहीं किया कि जातिवाद की संकीर्ण तुला पर ही वर की योग्यता तोली जा सकती है । इतना ही नहीं, जिस कन्यादान की प्रथा का सब मूक-भाव से पालन करते आ रहे थे उसी के विरुद्ध उन्होंने घोषणा की, 'मैं कन्यादान नहीं करूँगी ।'

(ख) कवीन्द्र रविन्द्र उन विरल साहित्यकारों में थे जिनके व्यक्तित्व और साहित्य में अद्‌भुत साम्य रहता है । जहाँ व्यक्ति को देखकर लगता है मानो काव्य की व्यापकता ही सिमट कर मूर्त हो गई है और काव्य में परिचित होकर जान पड़ता है मानो व्यक्ति ही तरल होकर फैल गया है ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×7=14**

(i) हिंदी की उपभाषाएँ एवं बोलियों की विवेचना कीजिए ।

(ii) भाषा की परिभाषा देते हुए, भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(iii) हिंदी भाषा के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए ।

(iv) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना से हिंदी गद्य के विकास पर क्या प्रभाव पड़ा ? स्पष्ट कीजिए ।



3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×4=8**

(i) भाषा और संस्कृति का संबंध स्पष्ट कीजिए ।

(ii) खड़ी बोली की विशेषताएँ लिखिए ।

(iii) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता सिद्ध कीजिए।

(iv) भाषा और बोली में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

4. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : **7×1=7**

(i) किस दिन फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की घोषणा की गई ?

(ii) 'पथ के साथी' संस्मरण में कितने साहित्यकारों का वर्णन किया गया है ?

(iii) ब्रजभाषा का उद्‌भव कब से माना जाता है ?

(iv) भाषा के कितने भेद स्वीकार किए गए हैं ?

(v) हिंदी की वर्णमाला में कुल कितने आयोगवाह लिखे जाते हैं ?